हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025



13 ्विज में पीएमश्री कन्या स्कूल की चंचल ...






14 एथलेटिक्स में अंडर 14 आयुवर्ग में फरीदाबाद ...




**खबर संक्षेप**

### जिले में 13 दिसंबर को लगेगी लोक अदालत

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा करवाया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा करवाना है।

### खरीद नहीं होने पर आढ़ती एसोसिएशन ने रोष जताया

**बाढड़ा।** मंडी आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष हनुमान शर्मा की अगुवाई में एकत्रित आढ़तियों व किसानों ने रोष प्रदर्शन कर कर बताया कि सरकार की लापरवाही के कारण किसानों के अनाज की खरीद शुरु नहीं हो पा रही है। भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा ने कहा कि सरकार की खरीद की देरी का सबसे अधिक खामियाजा बाजरा उत्पादित दक्षिणी हरियाणा को भुगतना पड़ रहा है। उन्होनें फसल खरीद में देरी व किसानों की समस्या को देखते हुए खरीद कार्य में तेजी बरतने की अपील की।

### मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगी एमडीएम कर्मी : बासिया

# ज्वलंत मांगों को लेकर मिड डे मील वर्कर्स ने प्रदर्शन करने के बाद डीसी को सौंपा ज्ञापन

**10 माह की जगह 12 महीने का मानदेय देने की मांग रखी**

- पट्टी कलियाना स्कूल में सेवारत यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल को बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा रजिस्ट्रेशन नंबर-2077 संबंधित एआईयूटीयूसी ने शुक्रवार को यहां अपनी ज्वलंत मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन किया और भिवानी उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा। इससे पहले मिड डे मील कार्यकर्ता स्थानीय स्थानीय नेहरू पार्क में एकत्रित हुई। वहां हुई सभा को संबोधित करते हुए यूनियन की जिला सचिव राजबाला ने कहा कि मिड-डे-मील कार्यकर्ता गरीब महिलाएं हैं। बहुत-सी बहने विधवा भी है।

सरकारी स्कूलों में मिड-डे-मील कुक का काम करती है, लेकिन फिर भी सरकार इन्हें अपनी कर्मचारी की मान्यता नहीं देती है। इन्हें 7 हजार रुपये महीना के हिसाब से बहुत ही मामूली सा मानदेय, वह भी साल में 12 महीने की बजाय सिर्फ 10 महीने का ही मिलता है। इस महंगाई के जमाने में अगर यह मामूली-सा मानदेय भी हर महीने नहीं मिले तो गरीबी में घर का खर्च चलाना कठिन ही नहीं, बल्कि असंभव है। कुकिंग कास्ट लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन इसकी राशि नहीं बढ़ाई जा रही है।

पट्टी कलियाना स्कूल में सेवारत यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल को बिना किसी जायज कारण के मिड डे कुक से हटा दिया गया है। इससे पूर्व में भी उन्हें बेवजह स्कूल से निकाल दिया गया था।

यूनियन की महासचिव होने के नाते इन पर द्वेषपूर्ण कारवाई की जा रही है। स्कूल की मुखिया ऊपर के अधिकारियों को भी कुसुम पांचाल के बारे में गुमराह करती है जबकि इनका 17 साल का रिकॉर्ड एकदम से साफ-सुथरा है। उन्होंने मांग की कि कुसुम पांचाल को तुरंत बहाल करने के आदेश जारी किये जायें। उन्होंने बताया कि मिड डे मील कुकों से ड्यूटी से बाहर के कार्य भी लिये जाते हैं और नहीं करने पर स्कूल से निकालने की धमकी दी जाती है। इनके साथ कुछ टीचरों का व्यवहार तो गुलामों जैसा है।

उन्होंने उपरोक्त मांगों को शीघ्र पूरा करने और यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से मांगों पर वार्ता करने के लिए समय देने का भी अनुरोध किया। सभा को एआईयूटीयूसी के जिला सचिव राजकुमार बासिया ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार जायज मांगों को पूरा नहीं करती है, तो मिड डे मील कर्मियों को मजबूरन आंदोलन तेज करना होगा। बचने का इसके सिवा और कोई चारा नहीं है।




**भिवानी।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करती मिड डे मील वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

#### श्रमिक का दर्जा देने की मांग

ज्ञापन के माध्यम से मानदेय हर माह की 7 तारीख तक दिया जाए, 10 माह की जगह 12 माह का मानदेय दिया जाए, मिड डे मील कर्मियों को श्रमिक का दर्जा दिया जाए, राज्य में लागू न्यूनतम वेतन तुरंत प्रभाव से दिया जाए, सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त पांच लाख रुपए दिये जाए, कुकों से ड्यूटी से बाहर के कार्य न करवाये जाएं और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए, महंगाई के हिसाब से ड्रेस के पैसे ढाई हजार रुपए किये जाएं और शीघ्र भुगतान किया जाए, सुरक्षित रसोई बनवायी जाए, आयुष्मान चिरायु योजना से जोडक़र मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाए, मुख्यमंत्री समृद्धि योजना का लाभ प्रत्येक कुक को दिया जाए, एक्स ग्रेशिया नीति लागू की जाए, मिड डे मील का काम किसी भी निजी कंपनी को न सौंपा जाए, 15 बच्चों पर एक मिड डे मील कुक की व्यवस्था की जाए, मिड डे मील कुक को पेंशन, पीएफ, ग्रेच्यूटि स्कीम में शामिल किया जाए, शिक्षार्थियों की संख्या कम होने के कारण किसी भी कुक को न हटाया जाए, दूसरी जगह समायोजित किया जाए और यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल को शीघ्र बहाल किया जाए।

#### ये रहीं मौजूद

इस अवसर पर सुशीला, बाला, सावित्री, शीला, गीता, कविता, बिमला, पिंकी, रेखा, कौशल्या, सुमन, संतोष, उषा, प्रेम, अनिता, समीना, निक्की सहित अन्य कर्मी मौजूद रही।

## हडौदा कलां में 47 एकड़ की बाजरे की पुलियां जली, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढ़डा

हडौदा कलां में इकट्ठी की गई 47 एकड़ की बाजरें की पुलिया जल कर राख हो गई जिससे किसानों को लाखों का नुकसान हो गया।

किसान पवन पुत्र शेर सिंह व संदीप ने बताया कि उन्होंने करीब 47 एकड़ की बाजरे की पुलिया बिक्री के लिए इकट्ठी की हुई थी शुक्रवार को पड़ोस के ही किसान ने बाजरे के तुतडों में आग लगा दी जो हवा के साथ ही पास की बाजरे की पुलियों में लग गई। सूचना मिलते ही किसानों ने मौके पर पहुंच कर देखा तो आग तेजी से फैल रही थी जिससे किसानों के होश फाख्ता हो गए और उन्होंने तुरन्त इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड व पुलिस स्टेशन में की। आग लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस बल व फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया तब तक पुलियां जल गई या बुरी तरह झुलस गई थी।



फायर ब्रिगेड टीम तुरन्त आग को नियंत्रण करने में कामयाब नहीं होती तो बड़ा रकबा चपेट में आ सकता था। मौजूद किसानों ने प्रभावित किसानों को सरकार से नुकसान की भरपाई के रूप में मुआवजा देने की मांग की है।

## सिंचाई विभाग के 42 चैनलों को मूल स्थान परिवर्तित के दिए आदेश

- 2020 में जुई, भिवानी व सिवानी और हिसार जल सेवा प्रभाग की 42 चैनलों को लोहारू विधानसभा से जोड़ा गया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहल

सिंचाई विभाग द्वारा लोहारू क्षेत्र में भिवानी व अन्य क्षेत्रों से जोड़ी गई 42 चैनलों को उनके मूल स्थान में परिवर्तित किए जाने के बाद अब नया आदेश जारी किया गया है।

विभाग ने इन चैनलों के सफल संचालन के लिए लोहारू में स्थापित कार्यकारी अभियंता के ऑफिस को भी भिवानी सिंचाई भवन में शिफ्ट करने के आदेश जारी किए है। गौरतलब है कि लोहारू क्षेत्र में किसानों के लिए फसली सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त मात्रा पहुंचाने के लिए तत्कालीन कृषि मंत्री जेपी दलाल के प्रयासों से सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2020 में जुई, भिवानी व सिवानी और हिसार जल सेवा प्रभाग की 42 चैनलों को लोहारू विधानसभा से जोड़ा गया था ताकि लोहारू क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ किया जा सके और क्षेत्र में किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सके। करीब पांच साल तक इसका लोहारू के किसानों को फायदा भी हुआ और टेल तक पानी पहुंच गया था। अब प्रदेश सरकार ने 15 सितंबर 2025 को नया आदेश जारी करते हुए इसे वापस इसके मूल प्रभाग जुई, भिवानी, हिसार व सिवानी सेवा प्रभाग में इन सभी 42 चैनलों का स्थानातंरण कर दिया था।

### तोशाम में सीएम फ्लाइंग की ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

## 1,64000 रुपये का जुर्माना लगाया

- मुख्यमंत्री उड़नदस्ते सहित ट्रांसपोर्ट विभाग, आरटीओ कार्यालय की टीम ने की कार्रवाई
- कई वाहन चालक बच निकले





**तोशाम।** ओवरलोड वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

शुक्रवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों की टीम ने ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसते हुए पत्थरों से ओवरलोड भरी दो डंपर गाड़ियों को काबू किया तथा उन पर कार्रवाई करते हुए चालान किया व दोनों गाड़ियों पर करीबन 1 लाख 64 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते सहित ट्रांसपोर्ट विभाग, आरटीओ कार्यालय आदि के अधिकारियों की एक टीम ने तोशाम में ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसा जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम ने कार्रवाई करते हुए पत्थरों से ओवरलोड भरी हुई दो डंपर गाड़ियों को काबू किया तथा दोनों गाड़ियों को तोशाम स्थित रोडवेज वर्कशॉप में लाया गया। तत्पश्चात टीम ने लोड के हिसाब से चालान करते हुए एक गाड़ी पर 81 हजार रुपये का जुर्माना लगाया तो दूसरी गाड़ी पर 83 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जिससे टीम ने ओवरलोड दोनों गाड़ियों पर कुल 164000 रुपए का जुर्माना लगाया। जैसे ही गाड़ी चालकों को टीम द्वारा ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने की सूचना मिली तो गाड़ी चालकों में हड़कंप की स्थिति बन गई। इस दौरान ट्रांसपोर्ट विभाग के सब इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह ने बताया कि टीम के द्वारा ओवरलोड को रोकने के लिए ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है लेकिन गाड़ी चालक इसकी सूचना आपस में पहले ही दे देते हैं जिससे उनकी पकड़ में कई ओवरलोड वाहन बच जाते हैं बावजूद इसके भी उन्होंने एक बार फिर ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ओवरलोड गाड़ियों को पकड़ा है।

### मनोज बल्लू बामला बने सर्कल सचिव

**भिवानी।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के त्रिवार्षिक चुनाव 2025 से 28 तक सर्कल सचिव भिवानी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी पूर्व महासचिव ईश्वर बाबा तालू, विनोद बिहारी व बाल मुकुंद बापोड़ा की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें मनोज बल्लू बामला को सर्कल सचिव चुना गया। चुनाव में सर्कल के अधीन तीनों यूनिटों की कार्यकारिणी व सब यूनिटों के प्रधान, सचिव ने भाग लिया। चुनाव में उपस्थित सदस्यों ने मत का प्रयोग कर बल्लू बामला को सर्कल सचिव पद के लिए चुना। चुनाव के बाद ईश्वर ने मनोज बल्लू को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मनोज बल्लू ने जिला भिवानी व चरखी दादरी के समस्त बिजली कर्मचारियों का आभार जताया और कहा कि उन्होंने जिस विश्वास के साथ उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, वे उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पूरा करने का काम करेंगे।






**विरोध** हाथों से टूट रहे है सीमेंट के ब्लॉक

## बलियाली-जमालपुर रास्ते के निर्माण में घटिया सामग्री का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

गांव बलियाली से जमालपुर तक बनने वाले रास्ते पर घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का मामला प्रकाश में आया है। सीमेंट से बनाए गए ब्लॉक इतने कमजोर है कि कोई भी व्यक्ति उनको बड़े आराम से तोड़ सकता है। अगर गलती से ये ब्लाक दो से ढाई फुट की ऊंचाई से छोड़ दिया जाए तो इसमें लगी सभी रोड़ियां जमीन पर बिखर जाएंगी।

गांव के लोगों ने इसका जमकर विरोध किया और विभाग के कनिष्ठ अभियंता के समक्ष अपना ऐतराज भी जताया,लेकिन कनिष्ठ अभियंता ने ग्रामीणों के विरोध को अनसुना कर दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने नारेबाजी शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों ने रास्ते के निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया था।



**बवानीखेड़ा।** घटिया निर्माण सामग्री का विरोध जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव बलियाली से जमालपुर के कच्चे रास्ते को सीमेंट के ब्लाकों से पक्का किया जा रहा है। उस रास्ते को पक्का करने के लिए ठेकेदार द्वारा बालू रेत व रोड़े डाल कर समतल कर दी। उसके बाद उस रास्ते पर ब्लॉक बिछाने का कार्य शुरू करने के लिए ब्लाक भी मंगवा लिया। पूरे रास्ते पर जगह जगह पर सीमेंट के ब्लाकों के ढेर लगाए गए। आज सुबह ग्रामीण खेतों में जाने लगे तो उनको कच्चे पर अनेक जगहों पर ब्लाक गिरे हुए मिले। ग्रामीणों ने ब्लॉकों की गुणवता जांची तो पता चला कि उनकी गुणवत्ता बेहद कमजोर थी। ब्लाकों में सीमेंट नाम मात्र की मिलाई गई थी। सीमेंट के ब्लाकों को आसानी से हाथों से ही तोड़ा जा रहा था। अगर इन ब्लाकों को रास्ते पर लगा भी दिया गया तो बड़ी मुश्किल से छह माह का ही अरसा निकाल पाएंगे। चूंकि बेहद घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है।

**अधिकारी ने ग्रामीणों की बातों को किया अनसुना:** ग्रामीणों ने इस बारे में संबंधित विभाग के कनिष्ठ अभियंता से शिकायत की तो उन्होंने सीमेंट के ब्लॉकों को घटिया होने से इंकार कर दिया और ठेकेदार के कारिंदों से कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए,लेकिन ग्रामीण भी काम शुरू न होने देने की बात पर अड़ गए। समाचार लिखे जाने तक बलियाली से जमालपुर के रास्ते का निर्माण कार्य बंद था।

**सोशल मीडिया पर मामला आया तो हुआ खुलासा:** बलियाली से जमालपुर के बीच करीब सवा तीन करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क को लेकर गांव बलियाली के ग्रामीणों ने घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही टूटी-फूटी और निम्न गुणवत्ता की सीसी ब्लॉक्स की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा की, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।



पपुआ न्यू गिनी का हुडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैंडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

## हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

## लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

## पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

## रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।





**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

## डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरद्धक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

## एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिज़नेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC** (**Centre for Development of Advanced Computing**) – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

## यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML** (**CDAC, IITs, IIITs**) – 1 साल
- **Certificate Courses** (**Coursera, NPTEL, Udemy, EdX**) – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (**Fresher**): 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

## यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार
आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप

### पं.दीनदयाल जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया

**बवानीखेड़ा।** सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे कार्यक्रमों की कड़ी में बवानी खेड़ा मंडल में रक्तदान शिविर, मेडिकल चेकअप शिविर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती व स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें कार्यकर्ताओ द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नपा प्रधान सुंदर अत्री, मंडल प्रभारी विनोद चावला, रामगोपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

### महिला कालेज में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित

**बाढड़ा।** राजकीय महिला कॉलेज बाढ़ड़ा में कार्यकारी प्राचार्य डा. सुबेसिंह की अध्यक्षता में तथा एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर मीना व डॉ. मुकेश कुमार के नेतृत्व में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला कालेज का जोन स्तरीय कार्यक्रम में स्वंय सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेस्ट वस्तुओं से उपयोगी व आकर्षक सामग्री तैयार की । उन्होंने उपयोगी घरेलु सामान, सजावटी वस्तुएं बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### रोगियों व परिजनों को प्रदान की भोजन सुविधा

**चरखी दादरी।** लोहारू चौक स्थित सिविल अस्पताल व झाड़ू सिंह चौक निकट स्थित मातृ शिशु सदन अस्पताल परिसर में जनसेवा संस्थान द्वारा लगातार जीतराम वकील, जगदीश ठेकेदार आदमपुरिया, गौसेवक शिवेंद्र रिम्पी फोगाट की अगुवाई में रोगियों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क भोजन सुविधा प्रदान की जा रही है। इस सुविधा में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा अपना यथासंभव सहयोग दिया जा रहा है, जिससे कि अन्य भी प्रेरित होकर आगे आए और मरीजों व उनके परिजनों की सेवा व मदद हो सकें।

### श्रमिकों को सुरक्षा व श्रम कानूनों की दी जानकारी

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार इन दिनों पूरे क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर श्रमिको के लिए गतिविधियां करवाई जा रही हैं। इसके तहत गांव चिड़िया स्थित नुवोको विस्टास कारपोरेशन में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कंपनी परिसर में सुरक्षा दिवस व श्रम कानून जागरूकता का आयोजन हुआ। श्रम निरीक्षक प्रदीप कुमार ने कंपनी में काम करने वाले श्रमिकों को जागरूक किया। इसी के दौरान कंपनी के मानव संसाधान अधिकारी अंकुर गहलावत भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आगामी दो अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़े के तहत गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने श्रमिकों को कंपनी में सुरक्षा सम्बंधित जानकारी दी।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**बहल।** सेवा पखवाड़े के तहत पुलिस द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। थाना परिसर व पास के क्षेत्र में पुलिस कर्मचारियों व प्रोटेक्ट इंवायरमेंट टीम ने मिलकर करीब 200 पौधों को रोपित किया और उनकी देखभाल की जिम्मेवारी ली।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल की सोनाक्षी प्रथम

# क्विज में पीएमश्री कन्या स्कूल की चंचल और हलवासिया स्कूल के वरूण प्रथम

**प्रतियोगताओं में में 20 स्कूलों के 120 बच्चों ने भाग लिया**


विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि


भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पीएमश्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वन्य विभाग द्वारा वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 20 स्कूलों के 120 बच्चों ने भाग लिया। छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई, जिसका थीम लीविंग विद वाइल्ड लाइफ रखा गया। वहीं नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता करवाई।

पीएमश्री राजकीय कन्या स्कूल में 20 स्कूलों के 120 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

क्विज प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चंचल व हलवासिया विद्या विहार स्कूल के वरूण ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं लोहानी के शिवम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मनीषा ने द्वितीय व दीपिका ने तृतीय स्थान जीता। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सोनाक्षी ने प्रथम स्थान जीता। वहीं लोहानी के राजकीय कन्या हाई स्कूल की सोलोनी ने द्वितीय तथा पीएमश्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सुप्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वन्यजीव निरीक्षक देवेंद्र हुड्डा, वन्यजीव रक्षक जयकुमार, वन्यजीव रक्षक सोमबीर, मंजीत, वन रक्षक प्रवेश आदि मौजूद रहे।

### कक्षा छठी से आठवीं के पोस्टर मेकिंग में अंकिता, स्लोगन राइटिंग में खुशबू, कार्टून मेकिंग में नीतिका प्रथम

**भिवानी।** डाइट भिवानी की ओर से मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कार्टून पोस्टर स्लोगन, निबंध व वाद विवाद प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता दो समूह में करवाई गई। पहले समूह में छठी से आठवीं तक के छात्र और दूसरे समूह में नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। खंड स्तर पर प्रथम विजेता ने जिला स्तरीय कार्टून निबंध स्लोगन पोस्टर और वाद विवाद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी मोनिका कौशिक की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें विवेक कुमार व नीरज सुपर्णा का कोऑर्डिनेटर के रूप में सहयोग रहा। कक्षा छठी से आठवीं के पोस्टर मेकिंग में अंकिता, स्लोगन राइटिंग में खुशबू, कार्टून मेकिंग में नीतिका प्रथम स्थान पर रहे। वहीं कक्षा नौवीं से बारहवीं में वाद विवाद प्रतियोगिता में आशा व उषा, निबंध प्रतियोगिता में सिमरन और स्लोगन राइटिंग में अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डॉ. सुधा, डॉ. मीनाक्षी, संजय कुमार, अशोक कुमार, रिचा, राजित, निर्मल, पूजा शर्मा, डॉ. आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।


विद्यार्थियों द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार की गई उपयोगी वस्तुएं।

### अनुपयोगी से उपयोगी वस्तुएं बनाना सिखाया

**भिवानी।** वैश्य कॉलेज में एनएसएस सेवा पखवाड़ा के दौरान बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर कार्यशाला आयोजित की और पर्यावरण की स्वच्छता-सुरक्षा का सामाजिक सन्देश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के नेतृत्व एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ. मोहनलाल के मार्गदर्शन में बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यार्थियों को अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षण स्वयंसेविका यशिका, चेतना, छवि व दीक्षा ने स्वयंसेवकों को दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ भाग लेते हुए अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करने की विधियों को विस्तार से जाना। कार्यशाला पर्यावरण की स्वच्छता-सुरक्षा के सामाजिक संदेश के साथ-साथ ये सिखाती है कि अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग करते हुए हम उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर सकते हैं और वातावरण को स्वच्छ-सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



### पेंटिंग प्रतियोगिता में दिव्या प्रथम व खुशबू द्वितीय

**भिवानी।** सेवा पखवाड़ा के तहत पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंडल स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता की मुख्यतिथि भाजपा जिला संयोजक शकुंतला प्रधान रही तथा अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नविता तंवर ने की। प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 40 छात्राओं ने विकसित भारत-2047 के सपनों पर जमकर ब्रुश चलाया और सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाई। मुख्यतिथि शकुंतला प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास के चलते 2047 तक भारत विश्व में नंबर एक पर होगा।कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्राचार्य रमेशचंद्र बूरा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा व पेंटिंग की जमकर प्रशंसा की। प्रतियोगिता में दिव्या प्रथम , वहीं खुशबू वितीय तथा रिया व अंजना ने तृतीय रहीं।

# पुलिस लाइन में मेडिकल कैंप का आयोजन

- शिविर में चिकित्सकों ने सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शुक्रवार को कम्युनिटी सेंटर, पुलिस लाइन, भिवानी में एक निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैंप का उद्घाटन सुमित कुमार पुलिस अधीक्षक, भिवानी ने किया। कैंप में 195 रोगियों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से सभी का निशुल्क बीपी, शुगर और एचबी चेक हुआ। इसके अलावा, 100 व्यक्तियों के विभिन्न टेस्ट हुए, जिनमें शामिल हैं (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट): फेफड़ों की जाँच की गई, जिससे फेफड़ों की कार्यक्षमता का पता लगाया जा सका। एक्स रे छाती की एक्स-रे जाँच की गई। (बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट): शरीर में हड्डियों में कैल्शियम की जाँच की गई, जिससे हड्डियों की मजबूती और ऑस्टियोपोरोसिस का पता लगाया जा सका। (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम): हृदय की जाँच की गई।- लिपिड प्रोफाइल: रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड की जाँच की गई।


भिवानी। मेडिकल कैम्प में एसपी को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए।

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कहा कि डीजीपी हरियाणा के निर्देशानुसार जिओ गीता स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प, मेदांता फाउंडेशन और अंचल अस्पताल द्वारा ये कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आगे भी पुलिस कर्मियों और पत्रकार बंधुओं के लिए कैंप आयोजित किए जाते रहेंगे।

सुमित कुमार ने आगे कहा कि पुलिस कर्मियों और पत्रकारों की भागदौड़ की जिंदगी रहती है, जिससे उनको समय पर स्वास्थ्य जाँच करना बहुत जरूरी है।

### इन्होंने दी सेवाएं

डॉ. विनोद अंचल ने इस कैंप को सफल बनाने में सुमित कुमार पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ अनूप कुमार डीएसपी भिवानी, सुमित कुमार पीएसआई, लालचंद , सुनील कुमार इंस्पेक्टर टीआईडब्लूआई और प्रदीप कुमार फार्मासिस्ट का विशेष धन्यवाद दिया। कैंप में अंचल अस्पताल से डॉ. कृष्ण कुमार (सर्जन), डॉ. संचित (एमडी मेडिसिन), डॉ. विनोद अंचल और मेदांता से डॉ. हिमांशु पुनिया और डॉ. उमेश चंद्रा ने अपनी सेवाएं दीं।

# तेज-तर्रार और प्रतिस्पर्धी युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं : कनिका

- लाइफ स्किल बेसिक डोमेन फर्स्ट प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानी खेड़ा स्थित सिटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीबीएसई के निर्देश अनुसार लाइफ स्किल बेसिक (डोमेन फर्स्ट) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस दौरान आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर और सिटी वरीष्ठ माध्यमिक स्कूल के अध्यापकगण ने भाग लिया। प्रशिक्षण हेतु मिसेज कनिका स्कूल में सीबीएसई प्रशिक्षक के तौर पर उपस्थित रही। स्कूल प्रबंधक कमेटी सदस्य रमेश जाखड़, जितेंद्र शर्मा द्वारा टीम का आभार व्यक्त किया गया। इस तरह की प्रशिक्षण छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करवाई जाती है। ये प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसमें अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक और भावनात्मक कौशल पर जोर दिया गया है। बोर्ड के निर्देशानुसार मैडम ने बताया की आज के तेज-तर्रार और प्रतिस्पर्धी युग में, केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। छात्रों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने हेतु, जीवन कौशल जैसे कि निर्णय लेना, आलोचनात्मक सोच, प्रभावी संचार और भावनात्मक प्रबंधन सिखाना अनिवार्य हो गया है। प्रधानाचार्य मनमोहन फोगाट ने इस पहल के बारे में बात करते हुए कहा, मारा मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य एक संपूर्ण व्यक्ति का निर्माण करना है।

# देवी भगवती कथा में मां की महिमा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सेक्टर 13 में श्रीराम सामाजिक सेवा समिति द्वारा 28 सितंबर तक देवी भगवती कथा का आयोजित की जा रही है। इस मौके पर 108 महिलाओं ने पवित्र कलश यात्रा निकालकर देवी भगवती कथा का शुभारंभ किया। ऊषा मक्कड़, नीलम चौहान, हंसराज गुलाटी व बलदेव शर्मा ने बताया कि तपोभूमि परमहंस योग आश्रम धाम से बालयोगिनी विभानन्द सरस्वती मां भगवती की संगीतमय कथा का रसपान करवा रही हैं।

**108 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली**



उन्होंने कहा कि देवी के आराधक को विश्व में कोई वस्तु दुर्लभ नहीं रहती। देवी भगवती की महिमा सुनाते हुए मां शैलपुत्री, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा की महिमा आराधना में नाद में सुर संगीत और समय-समय पर असुरों को मधु कैटभ, रक्तबीज, महिषासुर के वध को करके पृथ्वी पर शांति स्थापित करने का पुनीत कार्य किया।

# नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन

- विधायक घनश्याम सर्राफ ने की मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा संबंधी कई स्टॉल लगाए गए। जहां मरीजों ने पंजीकरण कराकर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की और अपनी स्वास्थ्य जांचें कराई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी हेतु प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ ने 15 टीबी मरीजों को गोद लिया व उनको पोषण कीट वितरित की। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के चलते महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं संतुलित भोजन के बारे में भी जानकारी दी गई।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान ऐतिहासिक कदम

*डॉ. ब्रह्मदीप ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को मजबूती देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' प्रत्येक कोने तक स्वास्थ्य और पोषण की सही पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पखवाड़े भर चलने वाले इस अभियान के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, बल्कि एक सशक्त समाज निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए जाएंगे।*

### विधायक ने 15 टीबी मरीजों को गोद लिया

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा संबंधी कई स्टॉल लगाए गए। जहां मरीजों ने पंजीकरण कराकर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की और अपनी स्वास्थ्य जांचें कराई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी हेतु प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ ने 15 टीबी मरीजों को गोद लिया व उनको पोषण कीट वितरित की। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के चलते महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं संतुलित भोजन के बारे में भी जानकारी दी गई।

# स्वच्छता को स्वभाव में शामिल करना बेहद जरूरी: डा मुनीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

शहरी स्वच्छता अभियान के तहत नगर पार्षद व स्थानीय लोगों की भागीदारी से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने कहा कि स्वच्छता को स्वभाव में शामिल करना बेहद जरूरी है तभी हम सभी मिलकर स्वच्छ पर्यावरण बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। आज इस पुनीत अभियान के कारण हर आमजन स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए उत्साहित है।

**स्वच्छता अभियान में बढ़ी लोगों की भागीदारी**

शहर में हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत चलाए जा रहे म्हारी दादरी स्वच्छ दादरी मुहिम में लोगों का सहयोग मिल रहा है। उपायुक्त ने अभियान को लेकर ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत दादरी शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर परिषद के अधिकारी सफाई करते हुए दूसरों को घरों के आसपास नियमित रूप से सफाई करने के लिए प्रेरित कर रहे है। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है।

शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जा रहा है और लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित कर कचरा उठाने वाली गाड़ी में डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## प्राचार्य ने कम्प्यूटर लैब में की सफाई

# प्रकृति बदलते मौसम हवा, वर्षा, सूर्य के माध्यम से देती स्वच्छता का संदेश

- राजीव गांधी राजकीय महिला कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में ग्यारह साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ठोस कचरा निस्तारण विषय पर सेमिनार आयोजित किया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मुख्य वक्ता के रूप में स्वच्छ भारत मिशन इंचार्ज सन्नी शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज प्राचार्य ने कम्प्यूटर लैब में सफाई करके किया। शर्मा ने ठोस कचरे के निस्तारण विषय पर विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हमें गीले व सूखे कचरे का वर्गीकरण करना होगा और उसमें ठोस कचरे को अलग कर उसके स्वरूप, समस्या संबंधित जानकारी प्राप्त कर उसका समाधान करना चाहिए। उ न्हों ने कहा कि कागज, कपड़ा व प्लास्टिक आदि के निस्तारण के सभी तरीके को अपनाकर हम सबका कुशल प्रबंधन कर सकते हैं। अनुपयोगी वस्तुओं को विशेष प्रक्रिया से गुजारकर उसे उपयोगी बनाया और पर्यावरण को शुद्ध किया जा सकता है। प्राचार्य ने छात्राओं, अतिथि व संयोजक प्रकोष्ठ का अभिनंदन करते हुए बधाई दी और कहा कि जीवन में स्वच्छता का बड़ा महत्त्व होता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रकृति बदलते मौसम के साथ स्वयं ही हवा, वर्षा, सूर्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देती है।

## जीएसटी पर भारी छूट लागू करके जनता को दिवाली से पहले ही दिया तोहफा

# औद्योगिक क्षेत्र की उन्नति का मार्ग किया प्ररस्त: सरफि

**देश की तरक्की के लिए टैक्स भरना व उद्योगपतियों को राहत देना भी जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार ने अंन्त्योदय योजना के जनक पंडित दिनदयाल उपाध्याय के जयंती एवं पहले नवरात्रा अवसर पर जीएसटी पर भारी छूट लागू करके जनता को दिवाली से पहले ही दिवाली का तोहफा दे दिया। केंद्र सरकार के इस फैसले से सुस्त पड़े औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी आ गई। हर क्षेत्र में जीएसटी की कमी का फायदा पहुंचा है। सबसे ज्यादा फायदा औद्योगिक क्षेत्र को हुआ है। इससे औद्योगिक क्षेत्र की उन्नति का मार्ग परस्त हुआ है। अब इस क्षेत्र को विकास के पंख लग जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए टैक्स भरना भी जरूरी है और उद्योगपतियों को राहत देना भी जरूरी। पीएम मोदी ने जीएसटी में भारी कटौती करके उद्योगपतियों, व्यापारियों को ही नहीं बल्कि आम जनता को एक तोहफा दिया है।

वे लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पीएम मोदी द्वारा जीएसटी में कमी व दो स्लैब बनाए जाने के बाद उद्योगपतियों तथा व्यापारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सर्राफ ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की ज्यादा से ज्यादा खरीददारी करें। इस फैसले से स्वदेशी वस्तुओं की मांग भी बढ़ेगी और स्वयरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

### 22 तारीख से एक दिवाली शुरू हो चुकी

विधायक सर्राफ ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में भारी कटौती का फैसला 22 सितम्बर से लागू किया गया। उसी दिन से हर क्षेत्र के लोगों के लिए दिवाली जैसा माहौल बना हुआ है। खासकर फोरव्हीलर वाहनों पर टैक्स में छूट मिलने के बाद एक से दो लाख रुपये तक सस्ते हो गए। इस माह में दिवाली पर्व से ज्यादा वाहनों की बिक्री से बाजार में एकदम रौनक आ गई। इसी तरह दोपहिया वाहनों पर भी लोगों को दस से 15 हजार रुपये की छूट मिलने लगी। जिस वजह से इन वाहनों की बिक्री में भी जबरदस्त उछाल आया है।

### मॉल रोड से लगेंगे शहर की सुंदरता को पंख

विधायक श्री सर्राफ ने बताया कि रेलवे स्टेशन से लेकर सराय चौपटा तक बनने वाले मॉल रोड से शहर की सुंदरता को पंख लग जाएंगे। शहर की सड़कें खुली खुली नजर आएंगी। शहर एक आधुनिक हो जाएगा। इस रोड के निर्माण पर करीब सवा पांच करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस कार्य का शुभारंभ किया जा चुका है। इस रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बाजार के अन्य मार्गों को भी इसी तरह से तैयार करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रोहतक रैली में जनता का आभार जताया

**बाढड़ा।** इनेलो द्वारा पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. देवीलाल जयंती पर रोहतक में आयोजित सम्मान दिवस रैली में क्षेत्र की जनता द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लेने पर इनेलो प्रदेश महासचिव व पूर्व नप चेयरमैन विजय पंचगावां ने आभार प्रकट करते हुए ऐतिहासिक बताया।

### लघु सचिवालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**भिवानी।** नगर परिषद ने डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़े के तहत लघु सचिवालय परिसर में परिसर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगराधीश अनिल कुमार की देखरेख में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं नगराधीश ने लघु सचिवालय कैंटीन संचालकों को निर्देश दिए कि वे कचरा डालने के लिए डस्टबिन रखें और उसी में कचरा डालें। उन्होंने इस दौरान विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन से भी लघु सचिवालय परिसर में स्वच्छता बनाने रखने को कहा।

### इमरजेंसी में छह ने किया रक्तदान, बचाई जान

**भिवानी।** शुक्रवार को चांग निवासी मरीज के लिए निजी हॉस्पिटल में बी पॉजिटिव प्लेटलेट्स रक्त की जरूरत पड़ी तो रक्तदाता डॉ. मंदीप पंघाल, अभिषेक भाटी व अभिमन्यु भाटी दोनों भाइयों ने रक्तदान किया। वहीं धर्मेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह व विकास ने तुरंत प्रभाव से रक्तकोष पहुंचकर प्लेटलेट्स डोनेट किया।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम

**चरखी दादरी।** राजकीय महाविद्यालय में एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल के तत्वावधान में नशा मुक्ति विषय पर वाद-विवाद एवं डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य परमजीत सिंह के मार्गदर्शन में सेल के प्रभारी आनंद कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में छात्राओं ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उसके दुष्परिणाम तथा युवाओं को जागरूक करने में शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर अपने विचार उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किए।

# लोहारू पहुंची वंदे भारत रेलगाड़ी देख झूमे क्षेत्रवासी, सांसद धर्मबीर ने लोहारू से हरी झंडी दिखाकर किया महेंद्रगढ़ तक सफर

देश बदल रहा, विकसित देशों की तर्ज पर देश में बढ़ी रेल सुविधाएं सांसद धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

लोहारू व महेंद्रगढ़ इलाके के ही नहीं, बल्कि राजस्थान राज्य के लोगों को भी वंदे भारत रेलगाड़ी के रूप में बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और बदलते भारत में विकसित देशों की तर्ज पर रेलगाड़ियों में सुविधाएं भी बढ़ी हैं, ये बात भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कही। वे गुरूवार को स्थानीय रेलवे जंक्शन परिसर में वंदे भारत रेलगाड़ी के प्रथम आगमन पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- भारत में विकसित देशों की तर्ज पर रेलगाड़ियों में सुविधाएं बढ़ी
- मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा से वंदे भारत एक्सप्रेस रेल का शुभारंभ किया

## सुसज्जित उच्च गति की रेल बीकानेर से दिल्ली कैंट के बीच संचालित होगी

### ट्रेन के लोहारू व महेंद्रगढ़ में ठहराव के लिए दी मंजूरी

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से राजस्थान के बांसवाड़ा से वंदे भारत एक्सप्रेस रेल का शुभारंभ किया, ये अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित उच्च गति की रेल बीकानेर से दिल्ली कैंट के बीच संचालित होगी। वंदे भारत के सफर से इलाके लोगों के समय की बचत होगी और दिल्ली व बीकानेर तक सुगम सफर की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन के लोहारू व महेंद्रगढ़ में ठहराव के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। वंदे भारत ट्रेन लोहारू व महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। इस ट्रेन के ठहराव से लोहारू क्षेत्र के हजारों यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि विदेशों जैसी ट्रेन देखना किसी सपने से कम नही था, लेकिन 11 वर्षों के दौरान भाजपा सरकार ने देश की जनता का ये सपना साकार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों जैसी सुविधाएं अब देश की रेलगाड़ियों में मिलने लगी है और रेलगाड़ी का सफर तेज और सुगम हुआ है।




**लोहारू।** सांसद धर्मबीर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते रेलवे अधिकारी व वंदे भारत रेलगाड़ी में सफर के दौरान हरी झंडी दिखा रवाना करते सांसद धर्मबीर सिंह।

*ये रहे मौजूद: इस मौके पर मंडल अभियंता बीकानेर विष्णु चौधरी, एसीएम होशियार सिंह, डीएसपी संजीव गौड़, एडीईएम दिनेश पुरोहित, एसएम ललन चौधरी, आरपीएफ चौकी इंचार्ज पूनम, सब इंस्पेक्टर सतपाल, नपा अध्यक्ष बंटी तायल, वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी, व्यापार मंडल के प्रधान धनपत सैनी आदि मौजूद थे।*

### लोहारू में 11 किमी का बनेगा बाईपास

सांसद धर्मबीर ने कहा कि रेल यातायात के साथ भाजपा सरकार में सड़क यातायात को भी बेहतर बनाया है। लोहारू शहर में वाहनों के जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जल्द ही 11 किलोमीटर का बाईपास बनाया जाएगा। रेल व सड़क यातायात की बेहतर सुविधाएं उस क्षेत्र को उन्नति के शिखर पर ले जाती हैं। व्यापारिक गतिविधियों और व्यापार को बढ़ोतरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दादरी और झज्जर जिले के भी बाईपास बनाए जाने हैं, जिससे दिल्ली तक सफर ओर अधिक बेहतर होगा।

### नई जीएसटी दरों से हर वर्ग को मिली राहत

सांसद ने पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर में नई जीएसटी व्यवस्था लागू कर देशवासियों को त्योहारों पर बड़ी सौगात दी है। इससे देश के किसान, मध्यम और गरीब वर्ग के साथ-साथ आमजन व युवाओं के जीवन में खुशहाली आएगी। देश की आर्थिक व्यवस्था तेजी से मजबूत होगी। सांसद अनाजमंडी में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## भीम स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता

# एथलेटिक्स में अंडर 14 आयुवर्ग में फरीदाबाद रहा विजेता

अंडर-17 में भिवानी व अंडर-19 में हिसार विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भीम स्टेडियम में तीन दिवसीय 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के युवा खिलाड़ियों ने क्रिकेट, बास्केट बॉल और एथलेटिक्स जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर 14 आयुवर्ग में फरीदाबाद, अंडर-17 में भिवानी व अंडर-19 में हिसार ने प्रथम स्थान हासिल किया।

- अनुशासन टीम वर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करती खेल प्रतियोगिताएं

समापन समारोह में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और उन्हें सम्मानित करने को गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्यतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज और उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने विजेताओं को मेडल और ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया।

इस मौके पर डीईओ डॉ. निर्मल दहिया ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए खेल संयोजक कोच सत्यवान सहित सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और शारीरिक शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता न केवल खेलों को बढ़ावा देती है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों का भी विकास करती है। हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला पीटीआई ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर-14 आयुवर्ग लड़कों में फरीदाबाद ने प्रथम, करनाल ने द्वितीय तथा हिसार ने तृतीय स्थान हासिल किया।





**भिवानी।** विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि व बास्केट बॉल प्रतियोगिता में गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर खेल संयोजक कोच सत्यवान, एईओ श्रीभगवान, एईओ डॉ. अनिल कुमार, पीटीआई विनोद पिंकू, मास्टर लक्ष्मण गौड़, पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा, प्रीतपाल, यशपाल चोपड़ा, राजेश हिसार, कुलदीप अहलावत, राजेश रोहतक, ज्योती, अंजु, सुरेश सहित अनेक डीपीई व पीटीआई मौजूद रहे।

**विजेता टीमों को किया सम्मानित**

*वहीं अंडर-17 आयुवर्ग में भिवानी ने प्रथम, फरीदाबाद ने द्वितीय तथा हिसार ने तृतीय स्थान जीता। इसी प्रकार अंडर-19 आयु वर्ग में हिसार ने पहला, फतेहाबाद ने दूसरा तथा फरीदाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता टीमों को अतिथियों ने मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सभी विजेता टीमों और व्यक्तिगत विजेताओं को अतिथियों ने मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, जिसके बाद पूरे स्टेडियम में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।*



**भिवानी।** रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# बापोड़ा मंडल में रक्तदान शिविर का आयोजन

- जरुरतमंद मरीजों की जान बचाने का महादान अभियान है रक्तदान : कौशिक
- आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है दीनदयाल लाडा लक्ष्मी योजना का उद्देश्य : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत तोशाम विधानसभा के बापोड़ा मंडल के गांव मालवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने रक्तदान कर समाज सेवा में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र और हरियाणा की प्रदेश सरकारों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का उल्लेख किया।

**युवाओं ने बढ़-चढक़र लिया हिस्सा**

योजना के तहत 23 से 60 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को लाभ मिलेगा जिनकी पारिवारिक आय एक लाख रुपये से कम है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने सभी कार्यकर्ताओं की सराहना की और रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए उनका धन्यवाद किया।

## खण्ड स्तरीय नेशनल फोक डांस एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का सफल आयोजन

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढड़ा रही विजेता

**बाढड़ा।** उपमंडल बाढड़ा में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में खण्ड स्तरीय नेशनल फोक डांस एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, टीम वर्क, रचनात्मकता तथा अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना रहा। प्रतियोगिता का संचालन एवं समन्वय नोडल अधिकारी प्राचार्य हरीकिशन राणा के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में अशोक, कविता, बबिता, कुलदीप, सोनू सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग किया। फोक डांस प्रतियोगिता में विजेता टीमों का प्रदर्शन अद्वितीय रहा। इसमें पहला स्थान टीम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढड़ा ने प्राप्त किया। उनकी प्रस्तुति ने हरियाणा की लोक संस्कृति का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## सीबीएलयू में राजनायक राव तुलाराम को किया नमन



**भिवानी।** देश की आजादी में हरियाणा के वीर शहीदों का बड़ा योगदान है, ये विचार कर्नल योगेन्द्र ने विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सौजन्य से आयोजित वीर शहीदी दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि कहे। कार्यक्रम की संरक्षक कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी एवं सह संरक्षक कुलसचिव प्रोफेसर भावना शर्मा रही। कार्यक्रम के संयोजक डीन डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज एवं सह संयोजक डॉ. अर्जुन रहे। कर्नल योगेन्द्र ने कहा कि राजनायक राव तुलाराम आजादी के महानायक थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हरियाणा के वीर शहीदों के योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. जितेन्द्र ने कहा कि हम देश के वीर शहीदों के सदैव ऋणी रहेंगे, जिनकी बदौलत हमें आजादी मिली। उन्होंने राव तुलाराम एवं हरियाणा के वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम लोगों को कर की दी जानकारी

**बहल।** दी भिवानी केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. शाखा में ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राहकों को बैंक में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई व उनको साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा ग्राहकों को बैंकिंग सेवा चालू रखने के लिए केवाईसी करवाने के लिए प्रेरित किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक रमेश कुमार ने बताया कि आज के डिजिटल युग में डिजिटल सेवा न केवल जरूरत का साधन बन गई है वरन डिजिटल सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। इन सेवाओं को सही लाभ उठाने के लिए ग्राहक को इनकी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

# चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का किया स्वागत

- स्वागत के लिए बवानी खेड़ा में आयोजित ऐतिहासिक रोड शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा मार्किट कमेटी के चेयरमैन के पद के लिए राजेन्द्र उर्फ राजू हंस व वाइस चेयरमैन के लिए पितराम मितल को चुना गया। जिसको लेकर ये एक ऐतिहासिक दिन बन गया और उत्साहजनक माहौल देखने को मिला। दोनों सम्मानित पदाधिकारियों के सम्मान में भव्य रोड शो का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने विशेष रूप से शिरकत की और गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा मार्किट कमेटी के चेयरमैन के पद के लिए राजेन्द्र उर्फ राजू हंस व वाइस चेयरमैन के लिए पितराम मितल को चुने जाने पर रोड़ शो निकालते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**किया रोड शो**

विधायक ने बताया कि बवानी खेड़ा की जनता का प्रेम और विशेषकर पंजाबी समाज द्वारा दिया गया मान-सम्मान मेरे लिए अत्यंत मूल्यवान है। मैं नवनियुक्त सदस्यों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। वहीं उन्होंने बताया कि राजेन्द्र उर्फ राजू के लिए चैयरमैनी नई बात नहीं है इन्हें व इनके पूरे परिवार को आज भी सुलझे हुए चैयरमैन के नाम पर जाना जाता है। वहीं दोनों पदाधिकारियों ने भी कहा कि जो पदभार उनके कंधों पर रखा गया है वे उसका मान सम्मान करेंगे। रोड शो में भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पंजाबी समाज के प्रमुख सदस्य तथा सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**बैठक** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

# किसानों को जल्द मिलेगा बारिश से खराब हुई फसलों का मुआवजा

कृषि मंत्री राणा ने सुनीं किसानों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

बरसात के कारण खराब हुई फसलों का मुआवजा जल्द ही किसानों के बैंक खातों में आएगा। सरकार में सभी की सुनवाई होती है और सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सरकार हर वर्ग के लिए सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करने उपरांत पत्रकारवार्ता में ये बात कही। उन्होंने कुल 15 शिकायतों में से आठ का मौके पर ही समाधान करवाया और सात शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष काफी बरसात हुई, जिसके कारण किसानों की फसलों को भी नुकसान हुआ। सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए खराब फसल की भरपाई का फैसला लिया और लंबे समय के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर खराबे की रिपोर्ट दर्ज करने का मौका दिया। अब सक्षम अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर दर्ज रिपोर्ट का मिलान तेजी से किया जा रहा।



**चरखी दादरी।** कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्या सुनते मंत्री श्याम सिंह राणा।

**जल्द मिलेगा मुआवजा**

जल्द ही सरकार किसानों को उनकी खराब हुई फसलों का मुआवजा देने जा रही है। बैठक में पिचौपा गांव में अवैध खनन संबंधित शिकायत को लेकर कृषिमंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया, जिसमें जिला वन अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी, खनन अधिकारी को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता और जिस खनन कंपनी के खिलाफ शिकायत है, दोनों पक्षों को सुना जाए और अधिकारी की गलती साबित होती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाए। गांव दातौली से संबंधित शिकायत पर कृषि मंत्री ने कहा है कि रिकार्ड के अनुसार चैक करें कि तालाब की जमीन किस साल व किस कारण से बदली गई।

## महिला महाविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान हुआ आयोजित

**तोशाम।** शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रभारी राजेंद्र सिंह के तत्वाधान में वाणिज्य विभाग तथा भूगोल विभाग के संयोजन में विभागाध्यक्ष मीनाक्षी और ज्योति बोड़वल के निर्देशन में एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। गरिमा ने छात्राओं को संस्थान द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न कोर्सेज जैसे सिलाई कढ़ाई, फैशन डिजाइनिंग, ब्यूटी कल्चर और हेयर ड्रेसिंग, कोपा, टेली, जीएसटी तथा इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की जानकारी दी जोकि छात्राओं और महिलाओं के लिए निःशुल्क है।व्याख्यान से लगभग 60 छात्राओं ने विभिन्न कोर्सेज के द्वारा वित्तीय आत्मनिर्भरता की और एक कदम बढ़ाने का प्रण लिया।